भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3973 का उत्तर

पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल संपर्क

3973. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पणिसागर स्टेशन और मोनाछेड़ा स्टेशन के बीच एक नई छोटी रेल लाइन के निर्माण की जनता की उस बहुप्रतीक्षित मांग से अवगत है, जिससे अगरतला से आइजॉल और इम्फाल तक की दूरी कम हो जाएगी तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा पूर्वोत्तर सीमा रेल प्राधिकरण को वर्ष 2019-20 हेतु रेल बजट में इसकी लागत को शामिल करने के लिए औपचारिक प्रस्ताव सौंपने का निर्देश दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस प्रस्ताव की स्थिति क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): रेल परियोजनाओं को लाभप्रदता, अंतिम स्थान संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों की वृद्धि, सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि के आधार पर शुरू किया जाता है, जो चालू परियोजनाओं के थ्रोफॉरवर्ड और धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है। पणिसागर और मोनाछेड़ा स्टेशन के बीच एक नई लाइन के सर्वेक्षण के लिए फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख): जी नहीं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

******

Sk